卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 142 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦1 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या, दूसरा गंभीर

## आईटीआई थाना क्षेत्र में देर रात हुई वारदात,शराब के नशे में दबंगों ने किया हमला, पूछताछ के लिए तीन हिरासत में





काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत चौती चौराहे के समीप देर रात मामूली बात पर शराब के नशे में चूर आधा दर्जन दबंगों ने दो युवकों को घेरकर उन्हें चाकुओं से बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। नाजुक हालत में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हालत एक प्राइवेट हॉस्पिटल में नाजुक बताई जा रही है। मृतक के परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर हत्यारों में से दो के नाम आम कर दिए । पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन को हिरासत में लिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर रात कुंडेश्वरी की कुमाऊं कालोनी निवासी महेश कुमार और उसके दोनों पुत्र कैटरिंग का काम करते हैं। महेश का पुत्र चमन किसी काम से काशीपुर आया था। कुंडेश्वरी मोड पर पेट्रोल पंप के पास वहां शराब पी रहे कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। इस पर चमन ने अपने भाई आकाश को कॉल कर झगड़े की सूचना दी। आकाश अपने परिचित (शेष पृष्ठ सात पर)

### होटल ढाबों पर अपराधिक तत्व लगाते हैं जमघट

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र में चौती चौराहा, कुंडेश्वरी मोड, खड़कपुर देवीपुरा आदि महत्वपूर्ण स्थान ऐसे हैं जहां शाम से लेकर देर रात तक खुले होटल ढाबों में खुले आम शराब पिलाई जा रही है। चौती चौराहे पर होटल में शराबी मटन चिकन बनवाते हैं और इन्हीं होटल में बैठकर देर रात तक जाम से जाम टकराया जाता है। होटल संचालक शराब पिलाने की एवज में मनमाने ढंग से दाम वसूल कर रहे हैं। देर रात घटित हत्या इसी की एक (शेष पृष्ठ सात पर)

# तांत्रिक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती से किया दुष्कर्म

देहरादून (उद संवाददाता)। एक युवती ने तांत्रिक पर झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस



मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को अंबाला की युवती ने तहरीर देकर बताया कि उसने पिछले साल नवंबर में विज्ञापन देखा था। इसमें तांत्रिक ने घर के सारे कष्ट दूर करने की जानकारी दी थी। साथ ही विज्ञापन पर उसका मोबाइल नंबर भी था। इस पर उसने मोबाइल नंबर पर तांत्रिक से संपर्क किया। इसके बाद तांत्रिक ने उसे रुड़की आने को कहा। इसके बाद वह सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाले तांत्रिक के पास पहुंची। यहां पर तांत्रिक ने उसे बातों में उलझाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोप है कि तांत्रिक ने दुष्कर्म के साथ ही अश्लील वीडियो भी बना लिया। अब वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया, तहरीर के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है।

# महिला कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ों, नारी न्याय यात्रा के तहत नारी है तैयार हम के उद्देश्य को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा नगर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ यहां पनचक्की फार्म स्थित वार्ड नंबर 1 से किया। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर ने दर्जनों कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का शुभारंभ किया तथा आम जनता से संपर्क कर आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने का आहवान किया। न्याय यात्रा का शुभारंभ करने से पूर्व महिला कांग्रेस की बैठक में नगर के कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया गया।किच्छा में न्याय यात्रा के तहत महिलाओं ने बैठक करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पप्पू छीना के फार्म हाउस पर संपन्न हुई बैठक में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रेखा सोनकर ने महिलाओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का आहवान किया। जिला अध्यक्ष श्रीमती सोनकर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा देश भर में न्याय यात्रा के माध्यम से जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा एवं निकाय चुनाव में महिला कांग्रेस अपनी अहम (शेष पृष्ठ 7 पर)



# युवक पर हमला कर नगदी व फोन लूटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रम्पुरा क्षेत्र में काम से घर वापस लौट रहे युवक पर हमला कर उससे हजारों की नगदी तथा मोबाईल लूट लिया गया। रम्पुरा वार्ड 23 निवासी नन्दू पुत्र राम बहादुर का कहना है कि 29 फरवरी की रात्रि 9 बजे वह काम पर से घर जा रहा था। तभी एक युवक ने अपने घर के सामने रोककर उसका मोबाईल छीन लिया। जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसके सिर पर लोहे की रॉड मारकर सिर फाड दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। आरोप है हमलावर युवक ने उसकी जेब में रखे तीन हजार रूपये निकाल लिये और गर्दन दबाकर मारने की कोशिश की।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 53 हजार की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 53 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर साईबर क्राइम स्टेशन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दी गयी तहरीर में मेन मार्केट हल्दी पंतनगर निवासी मुनीर अहमद पुत्र सगीर अहमद ने बताया कि उसका टाईम्स जॉब पर मुनीर अहमद नाम से प्रोर्फाल है। जिसमें उसने अपना बायोडाटा अपलोड किया है। जिसके माध्यम से उसकी ईमेल पर मेल आई जिसमें बताया गया कि उसका सीवी न्यूजीलैंड की एक कंपनी ग्रीन ओलिब फार्म के लिए सलैक्ट हो गया है। ईमेल में आगे की कार्यवाही और टेलीफोनिक इंटरब्यू के लिए कहा गया। बाद में टेलीफोनिक इंटरव्यू न लेकर फाईनल सैलेक्शन डिटेल के आधार पर होने की जानकारी दी गयी। 28 दिसम्बर 2023 को ईमेल पर कॉन्ट्रैक्ट लेटर भेजा गया । जिसके बाद 30 दिसम्बर 2023 को एक अपाइन्टमेन्ट लेटर भेजा गया जिसमें वीजा सम्बन्धी कार्यवाही हेतु बैरिस्टर मैरी डी सिल्वा की ईमेल पर संपर्क करने को कहा गया। जिसके पश्चात कुछ डाक्यूमैण्ट की स्कैन्ड कापी मैरी डी सिल्वा को उनकी मेल पर भेजी गयी। मैरी डी सिल्वा ने 30 दिसम्बर को मेल पर वीजा के सम्बन्ध में चार्जेज का विवरण बताया गया जिसमें वर्क वीजा हेतु कुल 53000 रूपये चार्ज बताये गये। भरोसा करके उसने दो बार में 53 हजार रूपये की धनराशि बताये गये बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर दी। 5 जनवरी को उक्त लोगों ने वर्ल्ड इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर पैसे की डिमांड की। जब उसने परिचितों से इस बारे में बातचीत की उक्त लोगों पर संदेह हो गया और उनसे धनराशि वापस किये जाने को कहा तो उन्होंने 9 जनवरी तक जमा की गयी धनराशि वापस देने की बात कही गयी लेकिन उक्त लोगों ने धनराशि वापस नहीं की। साईबर क्राइम पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीपीयू व ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अक्रिमण



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सीपीयू व ट्रैफिक पुलिस टीम ने काशीपुर रोड़ पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सडक किनारे किये गये अतिक्रमण को दुकानदारों से हटवाकर उन्हें भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी। सीपीयू प्रभारी राकेश सिंह व एसआई मुन्नाराम के नेतृत्व में टीम ने काशीपुर रोड़ पर इन्द्रा चौक से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस दौरान राष्ट्रीय राज मार्ग के किनारे दुकानदारों द्वारा फैलाये गये सामान को तत्काल हटवाया गया। साथ ही अतिक्रमणकारी सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें अन्यथा सामान जब्त करने के साथ ही कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगीं। टीम द्वारा इन्द्रा चौक से गाबा चौक तक सड़क के किनारे दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया। दस दौरान दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। टीम में टीआई नरेन्द्र कुमार, टीएस धनपाल, क्रेन चालक विरेन्द्र यादव, कां. योगेश चन्द्र, विनोद थापा, पूरन सिंह आदि शामिल थे।

# अनियंत्रित ई रिक्शा की टक्कर से वृद्धा गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटे टुकटुक की टक्कर से मार्ग किनारे जा रही एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस दुर्घटना में टुकटुक चालक को भी चोटें आ गई। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।



जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी मंजीत सिंह पुत्र मान सिंह अपने टुकटुक संख्या यूके 06 ईआर को लेकर किच्छा बाईपास रोड़ की ओर जा रहा था। मार्ग में मोदी मैदान के पास अचानक टुकटुक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसकी चपेट में सड़क किनारे जा रही वृद्धा संजय नगर खेड़ा निवासी 60 वर्षीय अनादि पत्नी अरविन्द राय आकर गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि टुकटुक चालक मंजीत सिंह को भी चोटें आ गई। दोनों का जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया।

# 10 ग्राम स्मैक सहित तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई गणेश पाण्डे साथी पुलिस कर्मियों एसआई जितेन्द्र कुमार, कां. राकेश खेतवाल,



इकबाल व दिनेश चन्द्र के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मोदी मैदान में पेड़ के पास एक युवक मोटर साईकिल के साथ संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विजय दास पुत्र नन्दगोपाल निवासी खेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 10.25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक व उसकी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीएच 0877 को अपने कब्जे में लेकर विजय को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मांगों को लेकर आंगनवाड़ी वर्करों का धरना प्रदर्शन जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन जिला इकाई के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधि



त करते वक्ताओं ने कहा कि शासन प्रशासन हमारी न्यायोचित मांगों का समाधान करने में निरंतर उदासीनता बरत रहा है। जिसे बदाश्त नहीं किया जायेगा। निरंतर आंदोलन करने के बाद भी सरकार द्वारा कोई घोषणा नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

# विपक्ष के हंगामे के बीच 89 हजार करोड़ का बजट पास

## सदन की कार्यवाही एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

### सत्ता पक्ष के विधायकों ने की सरकार के विकास कार्यों और बजट की जमकर तारीफ, गैरसैण और स्थायी राजधानी का मुद्दा भी गूंजा

देहरादून। देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा में बृहस्पतिवार की शाम विपक्ष के शोर-शराबे के बीच 89,230 करोड़ का बजट ध्वनि मत से पास हो गया। बजट पर चर्चा के लिए पूरा मौका न मिलने से नाराज विपक्षी सदस्य सदन में नारेबाजी कर रहे थे, इस बीच सत्तापक्ष ने बिना चर्चा के पहले विभाग वार अनुदान मांगें पास करा दीं। हंगामे के बीच ही विनियोग विधेयक भी पारित हो गया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सदन की कार्यवाही एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस तरह पांच दिन का सत्र चार दिन में ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। इस अवधि में सदन की कार्यवाही 28 घंटे 25 मिनट चली। बृहस्पतिवार को भोजनावकाश के बाद जब बजट पर चर्चा चल रही थी। विधानसभा में बजट पर चर्चा का मौका न दिए जाने से नाराज विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर जमकर हंगामा काटा। सदन में खूब नारे गूंजे और हवा में कागज भी उछाले गए। इस दौरान पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच जमकर तनातनी भी होती दिखी। सत्ता पक्ष के विधायकों ने बजट की जमकर तारीफ की और इसे राज्य के विकास का बजट करार दिया। इससे पहले सदन में भाजपा विधायक प्रदीप बत्रा, दुर्गेश्वर लाल, बृजभूषण गैरोला, सुरेश चौहान, बंशीधर भगत, सुरेश गडिया, सविता कपूर, सहदेव सिंह पुंडीर, त्रिलोक सिंह चीमा, पार्वती दास, शिव अरोड़ा, विनोद कंडारी आदि ने बजट को जनहित और सर्वस्पर्शी करार दिया। उनका कहना था कि इस बार जो बजट पेश किया गया है, वह अब तक का सर्वाधिक है। इसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला शक्ति का पूरा ख्याल रखा गया है। सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बजट को चहुमुखी विकास के लिए कल्याणकारी बताया साथ ही मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्रियों का आभार व्यक्त



किया। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने बजट पर चर्चा के दौरान सीमांत जनपद में विकास और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुनस्यारी को ट्रेक ऑफ द इयर घोषित करने से वहां के अन्य पर्यटन स्थल मिलम, ओम पर्वत, छोटा कैलाश, नेलांग ग्लेशियर, बिर्थीफाल भी देश और विदेशी पर्यटकों को रोमांचित कर रहे हैं। खुद पीएम नरेंद्र मोदी भी गुंजी पहुंचकर आदि कैलाश के दर्शन कर चुके है। वहीं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने बजट पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि सरकार गोशालाओं में एक गाय पर 80 रुपये प्रतिदिन खर्च कर रही है लेकिन मिड-डे-मील योजना में एक बच्चे पर महज 5.25 रुपये से 8.70 रुपये तक ही खर्च कर रही है। उन्होंने इस मद में बजट बढ़ाने की मांग की। उन्होंने ये भी कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से वैसे तो साढ़े तीन लाख करोड़ के एमओयू के दावे किए जा रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में जो उद्योग यहां से पलायन कर रहे हैं, सरकार उनके बारे में नहीं सोच रही। कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने बजट में अपने क्षेत्र की सड़कों को लेकर प्रावधान करने की मांग करते हुए पंचायतों का कार्यकाल भी दो साल बढ़ाने की मांग रखी। बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने सिंचाई, लोक निर्माण विभाग में अधिकारियों को लंबे समय हरिद्वार जिले में जमे होने का मुद्दा उठाते हुए बजट में हरिद्वार जिले के लिए खास प्रावधान की मांग रखी। कांग्रेस विधायक मोहम्मद फुरकान ने कहा कि सरकार ने सैनिकों के सम्मान की बात की लेकिन बजट में कोई नई योजना नहीं लाई। सड़कों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल राजनैतिक लाभ के लिए है। कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राणा ने विकास विरोधी बजट करार दिया। शाम को कानून-व्यवस्था पर वाकआउट के बाद लौटे विपक्ष ने बजट पर बोलने की मांग रखी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया। विधायक ममता राकेश ने कहा कि जानबूझकर उन्हें बजट पर चर्चा में शामिल नहीं होने दिया गया। इस पर उन्होंने सदन में हंगामा, शोर शराब किया। इसी दौरान बजट ध्वनिमत से पास हो गया। भाजपा विधायक अनिल नौटियाल ने बजट को सर्वस्पर्शी बताते हुए मांग की कि 20 करोड़ के बजाए गैरसैंण के लिए 100 करोड़ के बजट का प्रावधान किया जाए। ताकि उसी हिसाब से गैरसैंण में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास किया जा सके। उधर, कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने देहरादून में स्थायी राजधानी के लिए बजट में विशेष प्रावधान की मांग सदन के समक्ष रखी।







# चार दिन में 28 घंटे 25 मिनट चली सदन की कार्यवाही, छह विधेयक हुए पारित

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा में चार दिन के बजट सत्र में सदन की कार्यवाही 28 घंटे 25 मिनट चली। सदन में कुल 304 प्राप्त प्रश्नों में 104 के उत्तर मिले। जबकि विनियोग विधेयक समेत कुल छह विधेयक पारित किए गए। बृहस्पतिवार को सदन में बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सत्र को अनिश्चितकाल के स्थगित करने की घोषणा की। सत्र के दौरान कुल 304 अल्पसूचित, तारांकित, अतारांकित प्राप्त हुए। जिसमें 104 का जवाब दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को सुचारू रूप से संचालित करते हुए पीठ से बिना उठे रिकॉर्ड आठ घंटे 30 मिनट तक सत्र का लगातार संचालन किया। स्पीकर ने सत्र व्यवस्थित रूप से संचालन में सहयोग के लिए पक्ष -विपक्ष का धन्यवाद किया। सदन में उत्तराखंड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण संशोधन विधेयक-2024, उत्तराखंड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक-2024 , उत्तराखंड उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम संशोधन विधेयक, उत्तराखंड पंचायतीराज संशोधन विधेयक-2024, उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक-2024,विनियोग विधेयक-2024 पारित किये गये। देहरादून में एक नाबालिग लड़की की कथित हत्या के मामले में विपक्ष ने सारी कार्यवाही रोक कर कानून व्यवस्था पर चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वाकआउट कर गया। सदन में बजट पर चर्चा के दौरान स्पीकर ने विपक्ष के उन सदस्यों के नाम पुकारे, जिन्हें बजट पर चर्चा करनी थी। जब विपक्षी सदस्य सदन में लौटे तो उन्होंने चर्चा में शामिल होने की मांग की। स्पीकर ने उन्हें अनुदान मांगों पर अपनी बात रखने की सलाह दी। इससे नाराज विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान उन्होंने टेबल पलटने की कोशिश भी की। मार्शल ने उन्हें रोका। इस शोर-शराबे और हंगामे के बीच सरकार ने पहले बारी-बारी से अनुदान मांगें पारित कराई और उसके बाद विनियोग विधेयक भी पारित करा दिया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विपक्ष सदन को व्यवस्थित ढंग से चलाने में पूरा सहयोग कर रहा था, लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। बेरोजगारी के मुद्दे पर हमें अपनी बात नहीं रखने दी गई। हमने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए, जिनके जवाब सरकार के पास नहीं थे। स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि सदन में जो भी सदस्य थे, उन्हें अपनी बात रखने का पूरा-पूरा मौका दिया गया। चाहे नियम 58 की सूचनाएं हों या नियम 310 की सूचनाएं, सभी को सुना गया। कल रात 11.30 बजे बैठे थे, ताकि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर मिले। किस विभाग का कितना बजट हुआ पास । निर्वाचन- 223 करोड़ 54 लाख 16 हजार, आबकारी 43 करोड़ 19 लाख 18 हजार,सहकारिता 241 करोड़ 83 लाख 70 हजार, सिंचाई 125 करोड़ 64 लाख 93 हजार, पर्यटन 390 करोड़ 83 लाख 8 हजार, उद्यान 575 करोड़ 4 लाख 47 हजार, शिक्षा 11244 करोड़ 81 लाख 38 हजार, वन 1061 करोड़ 11 लाख 44 हजार, पेयजल 2565 करोड़ 34 लाख 3 हजार, कृषि 1045 करोड़ 41 लाख 23 हजार, परिवहन 506 करोड़ 71 लाख 19 हजार, समाज कल्याण 3758 करोड़ 87 लाख 86 हजार, पशुपालन 791 करोड़ 54 लाख 22 हजार, श्रम एवं रोजगार 452 करोड़ 37 लाख 16 हजार,खाद्य विभाग 944 करोड़ 68 लाख 17 हजार शामिल है।

# महिला को चारपाई के सहारे पहुंचाया अस्पताल, मौत

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के मौलेखाल गांव तक सड़क न होने और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से एक बुजुर्ग महिला को जान गंवानी पड़ी। घर पर ही गिरने से घायल हुईं महिला को समय पर इलाज नहीं मिला। उन्हें चरपाई के सहारे घायल हो गई थीं। गांव तक सड़क न होने से परिजन ग्रामीणों की मदद से उन्हें चारपाई के सहारे अस्पताल पहुंचाने के लिए रवाना हुए। मुख्य सड़क तक की आठ किमी की दूरी किसी तरह पांच घंटे में पूरी की गई। इसके बाद वाहन के



अस्पताल ले जाने के लिए आठ किमी दूरी पैदल तय करनी पड़ी। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा न मिलने से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दिल्ली ले जाने पर उन्होंने दम तोड़ दिया। सल्ट के खदेरागांव निवासी 70 वर्षीय गोविंदी देवी 26 फरवरी को घर पर ही गिरकर जरिये पांच किमी दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवायल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत का हवाला देकर डॉक्टरों ने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। परिजन रामनगर पहुंचे तो यहां भी हायर सेंटर जाने की सलाह दी गई। थके हारे परिजन 27 फरवरी को उन्हें दिल्ली उनके बेटे के पास ले गए। वहां से अस्पताल ले जाने पर गोविंदी को नहीं बचाया जा सका।गोविंदी को देवायल सीएचसी पहुंचाया गया तो उसके सिर पर लगी चोट देख डॉक्टरों ने न्यूरो सर्जन या फिजिशियन की जरूरत बताई और रेफर कर दिया गया। जिले में संचालित किसी भी सरकारी अस्पताल के साथ ही सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज में भी न्यूरो के डॉक्टर न होने से परिजन उन्हें जिला मुख्यालय पहुंचाने की हिम्मत नहीं कर सके और बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें दिल्ली ले गए मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सल्ट का खदेरागांव सड़क न पहुंचने से पलायन की मार झेल रहा है। हालात यह है कि एक दशक पूर्व यहां निवास करने वाली 500 की आबादी अब सिर्फ 200 रह गई है। युवाओं ने पूरी तरह पलायन कर लिया। यहां केवल बूढ़े-बुजुर्ग ही रह रहे हैं। प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल में एक भी छात्र न होने से इनमें ताले लटकाने पड़े हैं। मरीजों को सड़क तक चारपाई से लाने के लिए युवाओं को खोजने में ही घंटों समय लग गया।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया मतदान का प्रशिक्षण

हल्द्वानी। एमबीपीजी कालेज के लालबहादुर शास्त्री सभागार में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दिवसीय कार्यशाला में दो पालियों में लगभग 400 लोगों को प्रशिक्षण स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर (एस.एल.एम.टी.) अनिता आर्या द्वारा दिया गया। नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण



सैल/मुख्य कोषाधिकारी दिनेश कुमार राणा ने बताया कि प्रशिक्षण में आगामी निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष,प्रलोभन मुक्त और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मानिटरिंग सैल को मजबूत करने, आईटी मानिटरिंग सेल में सशक्त टीम को आईटी टूल्स में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण में एम.सी.एम.सी कमेटी के द्वारा किये जा रहे कार्यो के साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठों के नोडल अधिकारियों, मास्टर प्रशिक्षकों (डीईओ), (आरओ), (एआरओ) आयकर, आई टी से संबंधित व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रत्याशी चुनाव में कितनी धनराशि व्यय कर सकता है उसके व्यय धनराशि का आंकलन कैसे किया जायेगा इस सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। नैतिक चुनाव प्रबंधन के रूप में उम्मीदवार की अपराधिक पृष्ठभूमि के अपराधिक इतिहास का पब्लिकेशन कर वोटरों को जानकारी होना आवश्यक है। प्रशिक्षण मे आचार संहित के बारे में विस्तार से बताने के साथ ही फ्लाइंग टीमों द्वारा वीडियोग्राफी करना आवश्यक है। चुनाव में व्यय निगरानी प्रकोष्ठ की अहम जिम्मेदारी होती है इसके बारे में नोडल व्यय प्रकोष्ठ ने विस्तार से बताया। कार्यशाला में मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा,परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, कोषाधिकारी स्मिता जोशी, इन्दर सिंह के साथ ही चुनाव 2024 में कार्यरत सभी नोडल अधिकारी, कर्मचारी कार्यशाला के प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने धरना प्रदर्शन किया स्थगित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रम विभाग में सक्षम अधिकारी और श्रमिकों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर श्रमिक संयुक्त मोची ने 4 मार्च को श्रम भवन का घेराव करने का ऐलान किया था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने गुरूवार को सक्रिय पहल की और उप जिलाधिकारी ने श्रमिक संयुक्त मोर्चा के साथ वार्ता करके उप श्रम आयुक्त को सप्ताह में 3 दिन बैठने की व्यवस्था, सक्षम श्रम अधिकारी की तैनाती तथा 10 मार्च तक मौजूदा प्रमुख श्रमिक समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। श्रमिक संयुक्त मोर्चा की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में मोर्चा अध्यक्ष दिनेश तिवारी और महासचिव चंद्र मोहन लखेड़ा ने बताया कि इस वार्ता के बाद मोर्चा ने फिलहाल 4 मार्च का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। यदि 10 मार्च तक प्रशासन के आश्वासन के अनुसार समाधान नहीं निकलता है तो पुनः श्रम भवन घेराव का कार्यक्रम हाथ में लेना हमारी मजबूरी होगी। प्रेस वार्ता में मोर्चा पदाधिकारी और विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया।



प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में गैर कानूनी बखास्तगी और श्रमिक शोषण के खिलाफ सिडकुल की कई कंपनियों में मजदूर संघर्षरत हैं। लुकास टीवीएस के मजदूर यूनियन बनाने के बाद से ही प्रबंधन के दमन के शिकार हैं, कई साथी बर्खास्त है और मांग पत्र भी लंबित है। पिछले 92 दिनों से लगातार धरने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इंटरार्क पंतनगर और किच्छा प्लांट के मजदूरों का जिला स्तरीय प्रशासनिक कमेटी द्वारा कराए गए समझौते का, यहाँ तक कि श्रम न्यायालय और लोक अदालत के आदेशों का अनुपालन नहीं हो रहा है उल्टे मजदूरो कि बर्खास्तगी लगातार जारी है। करोनिया लाइटिंग में प्रशासन व उप श्रमआयुक्त की मध्यस्थता में संपन्न समझौते के बावजूद डेढ़ साल बाद यूनियन अध्यक्ष और महामंत्री को, जो कि संरक्षित कर्मकार भी हैं, कंपनी ने गैर कानूनी रूप से बर्खास्त कर दिया है। पीडीपीएल/समाज ऑटो के मजदूर लंबे समय से बाहर हैं। ऐसे ही कई कंपनियों के मजदूर दमन के शिकार हैं, तमाम कंपनियों के मांग पत्र लंबित हैं, लेकिन मजदूरों को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र होने के बावजूद श्रम भवन रुद्रपुर में कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं है, नियमित उप श्रम आयुक्त नहीं है, सप्ताह में महज एक दिन बैठने की यह खानापूर्ति भी नहीं होती है। ऐसे सहायक श्रम आयुक्त की नियुक्ति है जिसके पास 2 साल तक वेतन और बोनस जैसे कई विवाद सुनने का अधिकार नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद सरकार की उपेक्षा स्पष्ट है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# टी-20 कार्निवाल क्लैश क्रिकेट टूर्नामेंट 3 मार्च को

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया द्वारा धूमधाम से प्रथम टी-20 कप कार्निवाल क्लैश 23-24 का आयोजन 3 मार्च 2024 को कराया जा रहा है।अनहद ग्रुप ऑफ इंड्रस्ट्रीज के एम डी लवली हुड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि इंड्रस्ट्रीज में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ का ध्यान रखते हुए टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन एमिनिटी पब्लिक स्कूल के विशाल मैदान में किया जाएगा।जिसमे 3 मार्च को दो मैच खेले जाएंगे जिसमे पहला मैच प्रातः 9 बजे से अनहद सीड्स व पान सीड्स के बीच खेला जाएगा वही दूसरा मैच दोपहर 2 बजे से अनहद इंड्रस्ट्रीज व वोल्टाज लिमिटेड के बीच खेला जाएगा।उन्होंने बताया इस प्रथम कप कार्निवाल क्लैश के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान विधायक अरविंद पांडेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में एमिनिटी पब्लिक स्कूल के एम डी सुभाष अरोरा भी उपस्थित रहेंगे। इस एक दिवसीय क्रिकेट मैच के सहयोगी के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज,पान सीड्स,ओलिविया सीड्स,सीड्स ऑफ अनहद,श्री सीड्स,



गुरु माँ डेंटल,गुरु माँ इंटरप्राइजेज, सहित मीडिया पार्टनर के रूप में अमर उजाला, उत्तरांचल दर्पण व उत्तराखंड का गौरव



(सोशल मीडिया) अपनी सहभागिता निभाएंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजक के रूप में अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया,एमडी राहुल हुड़िया, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के प्रोसेसमेंट हेड सत्या वीके सिंह, वोल्टास प्राइवेट लिमिटेड के एचआर हेड जितेंद्र अधिकारी, पांच सीट्स के प्रोडक्शन हेड संपूर्णानंद प्रजापति, अनहद इंडस्ट्रीज के प्लांट हेड नरेश अरोड़ा उपस्थित रहेंगे। आनंद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया ने समस्त क्षेत्र वासियों को इस क्रिकेट मैच के आयोजन में पहुंचने का आवाहन किया है।

# प्रदेश के पर्वतीय जिलों में शिक्षकों की कमी ,10 हजार से अधिक पद खाली

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में स्थायी शिक्षकों के 10,946 पद खाली हैं। इसमें 6,632 पद माध्यमिक और 4,314 बेसिक शिक्षा के हैं। पारदर्शी तबादलों के लिए तबादला एक्ट बनने के बाद भी शिक्षकों के पहाड़ न चढ़ने और राज्य लोक सेवा एवं अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती में देरी इसकी वजह बताई जा रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल में विधायक संजय डोभाल के प्रदेश के पर्वतीय जिलों में शिक्षकों की कमी के सवाल पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया, पर्वतीय जिलों में प्रवक्ताओं के 4,253 और सहायक अध्यापक एलटी के 2,379 पद खाली हैं। इन खाली पदों के विपरीत प्रवक्ता पद पर 2,594 और सहायक अध्यापक एलटी के पद पर 1,123 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। बेसिक शिक्षा में 516 प्राथमिक विद्यालयों और 45 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं। प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के 3,253 और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के 500 पद खाली हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, जिलों में शिक्षकों की समय-समय पर सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, तबादले आदि से शिक्षकों के खाली पदों की संख्या बदलती रहती है। कहा सभी खाली पदों पर शिक्षकों की उपलब्धता की आदर्श स्थिति कभी संभव नहीं है। खाली पदों को स्थानांतरण, समायोजन, पदोन्नति और सीधी भर्ती आदि के माध्यम से भरे जाने का यथासंभव लगातार प्रयास किया जाता रहा, ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो। विधानसभा में विधायक ममता राकेश की ओर से पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, सीआरपी, बीआरपी के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से तैनाती की जाएगी। अनुसूचित जाति के लिए 19, अनुसूचित जनजाति के लिए चार और अन्य पिछड़ा वर्ग में 14 प्रतिशत के आरक्षण की व्यवस्था है। मंत्री ने यह भी बताया कि इन पदों को भरने के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के शासनादेश के अनुसार किया जाएगा।

# राशन विक्रेता को विभाग से नोटिस जारी,अभिलेख और स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय तलब किया

काशीपुर(उद संवाददाता)। विधवा महिला के पास सफेद राशन कार्ड होने के बावजूद कोटेदार द्वारा लंबे समय से पीले राशन कार्ड के हिसाब से राशन देने के प्रकरण ने अब तेजी पकड़ लिया है। घोटालेबाजी के इस मामले में शिकायत का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आशुतोष भट्ट ने राशन विक्रेता को नोटिस जारी किया है। पिछले दिनों कचनाल गाजी काशीपुर निवासी सुमन पाल नामक महिला ने परगना मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देकर यहीं के राशन विक्रेता हरीश पांडे पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि विभाग द्वारा उसकी माली हालत को दृष्टिगत करते हुए सफेद राशन कार्ड जारी किया गया

**महिला के पास सफेद राशन कार्ड होने के बावजूद पीले राशन कार्ड के हिसाब से राशन देने के प्रकरण की जांच तेज**

है। महिला का आरोप है कि कोटेदार हरीश पांडे उसे पिछले काफी समय से पीले राशन कार्ड के हिसाब से11रुपये प्रति किलो राशन दे रहा है जबकि सफेद राशन कार्ड के हिसाब से 20 किलो राशन उसे मुफ्त मिलना चाहिए। शिकायत करने वाली महिला सिलाई कर परिवार का भरण पोषण करती है। महिला की शिकायत को परगना मजिस्ट्रेट ने गंभीरता से लिया। प्रथम दृष्टया क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने भी माना की जांच में भारी गड़बड़ी उजागर हो सकती है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी द्वारा आरोपी राशन विक्रेता को नोटिस जारी कर अभिलेखों के साथ स्पष्टीकरण देने के लिए कार्यालय में तलब किया गया है। यहां बता दें कि नगर क्षेत्र के कुछ मोहल्लों के अलावा ग्रामीण इलाकों में संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों की गहनता से यदि जांच की जाए तो भारी अनियमितताओं के प्रकाश में आने से इनकार नहीं किया जा सकेगा।

# राय सिख समाज को एससी का दर्जा देने की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।राय सिख समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री संता सिंह एवं राय सिख संघर्ष समिति नानकमत्ता के नेतृत्व में एक मांग पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा गया है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर राय सिख समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाए। वैसे तो उत्तराखंड में काफी लंबे समय से राय सिख समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग रायसिख समाज करता आ रहा है। लेकिन सत्ता में रहने वाली पार्टी ने राय सिख समाज की मांग को दरकिनार करते हुए उनकी बात को अनसुना किया है।लेकिन वोट लेने तथा सरकार बनने के बाद दोनो ही पार्टियां मांग पत्र को ठंडे बस्ते में डाल देती है। एक-दो बार प्रदेश सरकारों ने प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकारों को भेजा भी लेकिन उसके बाद मामला वहीं ठंडा पड़ गया।उत्तराखंड के रायसिख समाज ने एक बार फिर से इस मांग को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना मांग पत्र भेजकर रायसिख समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाए जाने का भरोसा जताया है।अब देखने वाली बात होगी कि भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार इस और कब ध्यान देती है। मांग पत्र भेजने वाले रायसिख समाज में संता सिंह,गुरनाम सिंह,कुलवंत सिंह,लक्खा सिंह, काला सिंह,सुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह,बलदेव सिंह,बच्चन सिंह, कृपाल सिंह,जोगेंद्र सिंह,गुलजार सिंह,दर्शन सिंह,चरन सिंह,सतनाम सिंह,जसवंत सिंह आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# अवैध शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 104 पव्वे कच्ची शराब के बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंडी चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान तीन पानी बाईपास स्थित फायर स्टेशन के पास खुलेआम शराब बेच रहे एक युवक को धर दबोचा। उसके पास मिले थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 52 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पकड़ा गया युवक सचिन राजपूत पुत्र राजू राजपूत निवासी मोरारजी नगर धान मिल बरेली रोड का रहने वाला है। वहीं भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने वैलेजली लॉज के पास अरूण सागर पुत्र स्व. जगदीश सागर निवासी वैलेजली लॉज को 46 पव्वे देशी शराब और 6 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# दो लोगों के जीवन में रोशनी दे गये समाज सेवी हरी चंद मुरादिया

गदरपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 1 गदरपुर निवासी हरी चंद मुरादिया के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके पुत्रों गुलशन कुमार, राजकुमार,विनोद कुमार एवं विजय कुमार एवं अन्य परिजनों द्वारा अपने पिता के नेत्रदान के किए संकल्प को पूरा किया । मुरादाबाद से आई नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा उनके नेत्रों का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किये जाने के लिए कॉर्निया प्राप्त किया।अब भले ही हरीचंद मुरादिया इस दुनिया को नही देख पाएंगे लेकिन उनके नेत्रों से किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी। नेत्रदान करके समाजसेवी हरी चंद हमेशा के लिए अमर हो गए।मुरादिया परिवार हमेशा से ही सामाजिक क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में रहा है। इस अवसर पर नगर एवम क्षेत्र के अनेकों संगठनों व्यापार मंडल गदरपुर,जय भवानी जागरण मंडल,भारत विकास परिषद,हेल्प टू अदर्स सोसायटी,जियो जिंदगी, पंजाबी महासभा,शिव मंदिर,शिव पार्वती राम लीला कमेटी,श्री सनातन धर्म सभा,पुरातन सनातन धर्म मंदिर, आढ़ती एसोसिएशन, राइस मिलर्स एसोसिएशन,पेट्रोल पंप, मीडिया क्लब गदरपुर सदस्यों आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# एसएम स्कूल के छात्र शाहवेज,आशीष,अभिनव का लोअर पीसीएस में चयन

## सितारगंज के तीनों युवा अकाउंटेंट ऑफिसर,नायब तहसीलदार और पूर्ति निरीक्षक बने

सितारगंज(उद संवाददाता)। एसएम पब्लिक स्कूल के पूर्व तीन छात्रों का लोअर पीसीएस में चयन हुआ है जिसमें आशीष जोशी नायब तहसीलदार, शाहवेज अली अकाउंटेंट ऑफिसर, अभिनव गहतोड़ी पूर्ति निरीक्षक बने हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी समेत स्कूल प्रबंधन ने चयनित छात्रों को बधाई दी। नगर के चोरगलिया बाईपास स्थित एसएम पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र आशीष जोशी अभिनव गहतोड़ी और शहवेज अली ने लोअर पीसीएस की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तीनों ही चयनित छात्र सितारगंज के रहने वाले हैं। जिनमें शाहवेज अली का अकाउंटेंट अफसर के पद पर चयन हुआ है।





शाहवेज अली नगर के वार्ड नंबर 5 जामा मस्जिद के पास परिवार के संग रहते हैं। आशीष जोशी नायब तहसीलदार बने हैं आशीष जोशी के पिता हाइडिल में जेई के पद से रिटायर हैं। एसएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भुवन भट्ट ने बताया कि तीनों ही छात्रों ने उनके विद्यालय से पूर्व में शिक्षा प्राप्त की है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि लोअर पीसीएस में चयनित छात्रों की सफलता विद्यालय में अध्यनरत अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। ऐसा इसलिए की कोई भी छात्र खुद को कमजोर न समझे। लगन मेहनत के बल पर कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने लोअर पीसीएस में चयनित तीनों युवा अधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

"लोअर पीसीएस में चयनित होने के बाद नायाब तहसीलदार, पूर्ति निरीक्षक और अकाउंटेंट ऑफिसर बने आशीष जोशी, अभिनव गहतोड़ी, शाहवेज अली को बधाई देता हूं। इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। तीनों ही युवा अफसर क्षेत्र के अन्य संस्थाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**–सौरभ बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड**

लोअर पीसीएस में चयनित होने वाले तीनों ही युवाओं ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेहनत, लगन सफलता की कुंजी है तीनों युवाओं ने अधिकारी बनकर इसे सार्थक कर दिया अन्य युवाओं को भी इनसे प्रेरणा मिलेगी। मैं तीनों ही युवा अधिकारियों को बधाई देता हूं।

**–खतीब अहमद, अध्यक्ष राज्य हज समिति उत्तराखंड**

# 272725 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान आगामी 03 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की शत–प्रतिशत सफलता के लिये जनपद के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों के साथ जिला टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सम्बन्धित अधिकारी ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी पोलियो के कार्य को गम्भीरता से ले इसमे किसी भी प्रकार की ढिलायी न बरती जाये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपस में समन्वय बनाते हुये पोलियों का वृहद रूप से प्रचार–प्रसार करें ताकि सभी लोग जागरूक होकर अपने 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर आकर पोलियों की खुराक पिला सकें। उन्होने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियों खुराक से वंचित न रहे इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि जिन स्थानो पर कम वैक्सीनेशन हो रहा है उन स्थानों पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि आशा कार्यकत्रियों को



उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर शीघ्र बैठक कर कार्य को सफल बनाने हेतु ठोस योजना बनाना सुनिश्चित करें। निर्देशित करें के 9 मार्च तक घर–घर जाकर पल्स पोलियो दवाई पिलाएं। उन्होने कहा कि जिन विभागों को जो जिम्मेदारियां दी गई है वे उन्हे भलिभांति पूर्ण करें। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इस गम्भीरता से लें। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही पाई गयी तो आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्षों तक के 272725 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है एवं जनपद में 1178 फिक्स बूथ, 86 ट्रांजिट बूथ व 52 मोबाईल बूथ कुल 1316 बूथ बनाये गये है। उन्होने बताया कि इस अभियान में 257 सुपरवाईजर लगाये गये है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हरेन्द्र मलिक, डॉ0 राजेश आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, डीपीओ व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध व चिकित्साधिकारी उपस्थित थे।

# दो भालुओं ने ग्रामीण पर हमला कर किया जख्मी

खटीमा। खटीमा के नानकमत्ता क्षेत्र में दक्षिणी जौलासाल रेंज में अपने पालतू जानवर चराने के लिए जंगल गए एक ग्रामीण पर दो भालुओं ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। बृहस्पतिवार को एचताबिही निवासी प्रताप सिंह राणा (45) अपने जानवरों को चराने के लिए जंगल में गए थे। जंगल में जानवरों को चुंगता छोड़ वह कुछ दूरी पर जाकर बैठ गए। तभी झाड़ी में छिपे दो भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। उनके चीखने की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी दौड़ते हुए वहां पहुंच गए। जिसके बाद दोनों भालू जंगल की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने घायल को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बता दें कि, बुधवार को सुरई रेंज में वन निगम के एक श्रमिक पर भी भालू ने हमला कर दिया था।








# यूके कान्वेंट में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित यूके कान्वेंट इंटर कॉलेज में प्रत्येक वर्ष के भांति विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के कक्षा–1 से कक्षा–9 के छात्र–छात्राओं ने अध्यापकों के मार्गदर्शन में विभिन्न विभिन्न प्रकार के विज्ञान संबंधित प्रोजेक्ट मॉडल बनाएं। जिसमें विद्यालय के मुख्य अतिथि एलएन गंगवार, प्रधानाचार्य भंजू राम इंटर कॉलेज, एन के गुप्ता , अंकुर गंगवार प्रबंधक शिव सर्च इंटर कॉलेज व विद्यालय प्रबंधक के पी गंगवार तथा अन्य अभिभावक गण और अध्यापकों सहित मुख्य अतिथि एल एन गंगवार ने रिबन कटवाकर व मां सरस्वती की मूर्ति के सामने दीप जलाकर विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अपने–अपने प्रोजेक्ट के बारे में सही से समझने के लिए कहा तथा अतिथियों द्वारा डॉ ऐ जे पी अब्दुल कलाम (मिसाइल मैन) को नमन कर कर प्रोजेक्ट के विषय में बच्चों को अच्छा ज्ञान व भविष्य में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया तथा इस अवसर पर अपने–अपने प्रोजेक्ट के बारे में बहुत अच्छे से बच्चों द्वारा समझाया गया। इस वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल क्रमशः प्रथम स्थान पर प्लास्टिक रि साइकिल प्रोजेक्ट, वाष्पीकरण प्रोजेक्ट तथा द्वितीय स्थान पर वैक्यूम क्लीनर ,जेसीबी, अलेक्सा प्रोजेक्ट तथा तृतीय स्थान पर सोलर सिस्टम ,चंद्रयान–3,आदित्य पीएसएल लॉन्च हुआ। अनेक विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट अन्य विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए।



# उत्तराखंड परिवहन निगम में अफसरों के तबादले,11 कंडक्टरों का हुआ प्रमोशन

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम में बृहस्पतिवार को अफसरों के तबादले हुए तो 11 कंडक्टरों का प्रमोशन बुकिंग लिपिक के पद पर कर दिया गया। प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, सहायक महाप्रबंधक प्रतीक जैन का तबादला पर्वतीय डिपो से ऋषिकेश डिपो में किया गया है। उनके पास श्रीनगर डिपो का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। यातायात अधीक्षक अंजलिका शर्मा का तबादला कार्यालय मंडलीय प्रबंधक संचालन देहरादून से प्रभारी सहायक महाप्रबंधक पर्वतीय डिपो के पद पर किया गया है। यातायात अधीक्षक राजेंद्र कुमार आर्य का तबादला प्रभारी सहायक महाप्रबंधक अल्मोड़ा डिपो से प्रभारी सहायक महाप्रबंधक रानीखेत डिपो किया गया है। उनके पास भवाली डिपो का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। सहायक महाप्रबंधक भवाली डिपो मोहन राम आर्य का तबादला सहायक लेखाधिकारी मंडलीय प्रबंधन संचालन देहरादून कार्यालय में किया गया है। हरिद्वार डिपो के सहायक महाप्रबंधक सुरेश सिंह चौहान को रुड़की डिपो का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बागेश्वर डिपो के स्टेशन अधीक्षक धीरज वर्मा का तबादला यातायात अधीक्षक पिथौरागढ़ डिपो के पद पर किया गया है।परिवहन निगम ने कंडक्टर सूरजपाल सिंह, मधुसूदन जोशी, सुभाषचंद्र राणा, ओमप्रकाश पाठक, मुकेश कुमार, सतीश चंद्र जोशी द्वितीय, प्रदीप कुमार, तारादत्त पुनेठा, राम सिंह बोरा, राजेश कुमार मिश्रा, विनोद नौटियाल को बुकिंग लिपिक के पद पर पदोन्नति कर दिया है।

# रक्तदान शिविर में 40 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान






रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा सिडकुल स्थित एक्मे क्लीनटैक प्राइवेट लिमिटेड में लगाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में राजकीय ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदाताओं के माध्यम से कुल 40 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन श्री राम फाउन्ड्री के अरविन्द सिंह, मंत्री मेटालिक्स के आर. के. माहेश्वरी, देवेन्द्र अरोरा, एक्मे क्लीनटैक के अशोक शर्मा तथा राजकीय रक्तकोष के जितेंद्र सिंह, डॉ चौधरी द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शिविर में सिडकुल क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया, सांय 4 बजे शिविर समापन के समय कुल 40 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को भारत विकास परिषद तथा राजकीय रक्तकोष द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान की महत्ता के बारे में बताते हुए भारत विकास परिषद के प्रांतीय दायित्वधारी संजय राधू ने बताया की किस प्रकार थेलेसिमिया और अन्य रक्त सम्बन्धी विकारों से ग्रसित मरीजों को नियमित रक्त की आवश्यकता रहती है, साथ ही दुर्घटना आदि के प्रभावित मरीजों को भी अकस्मात रक्त की आवश्यकता रहती है, इस आवश्यकता को पूरा करने में रक्तदान ही एक मात्र सहायक सुविधा है, रक्तदान द्वारा हम किसी को नया जीवन प्रदान कर सकते हैं। विवेकानन्द शाखा के सचिव हरीश ग्रोवर ने बताया कि विवेकानन्द शाखा द्वारा समय समय पर राजकीय रक्तकोष में रक्त की कमी का पता चलने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, राजकीय रक्तकोश से रक्त की कमी की सूचना प्राप्त होने पर इस शिविर के आयोजन का निर्णय किया गया, जिसमें सिडकुल के विभिन्न उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों से रक्तदान हेतु आह्वान किया गया।शिविर संयोजक शीशपाल सिंह ने बताया कि नगर में लगने वाले रक्तदान शिविरों में सिडकुल कर्मचारी प्रतिभाग नहीं कर पाते हैं, इसलिए इस शिविर का आयोजन सिडकुल में ही किया गया है, इसमें श्री राम फाउन्ड्री, मंत्री मेटेलिक्स, टायकोड, प्रीकोल लिमिटेड, पी पी ऑटो, एमिनेन्ट पॉवर सहित विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया गया, तथा सिडकुल के समस्त संस्थानों का सहयोग भी इस शिविर आयोजन में मिला है। इस सहयोग के लिए भारत विकास परिषद सभी संस्थानों के प्रबन्धन का हृदय से आभार व्यक्त करती है और आशा करती है कि भविष्य में भी ऐसा ही सहयोग परिषद को प्राप्त होता रहेगा। भारत विकास परिषद के शाखा कोषाध्यक्ष अक्षय गहलौत द्वारा कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सहयोग हेतु उनका आभार व्यक्त किया गया, राजकीय रक्तकोष की टीम के सदस्यों का भी स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में पी पी ऑटो के मुकेश कालरा, एमिनेन्ट पॉवर के अमित गुप्ता, टायकोड के पी सी पंत विवेकानन्द शाखा सदस्य हेमेन्द्र गंगवार, प्रतीक तुलसयान, अभि अग्रवाल, राजेश छाबड़ा, राजेश छिब्बर, सौरभ अग्रवाल, मनीष मित्तल, संजय खेड़ा तथा ब्लड बैंक के विवेक चौहान, अभिषेक सिंह, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड के जनसांख्यिकी स्वरूप से छेड़छाड़ का विरोध



गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के देवभूमि स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदलने की आहट की भनक लगने पर एकम सनातन भारत के कार्यकर्ता रोषित हो गये तथा मुख्य मार्ग पर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए सरकार से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। कई माह से यह समाचार मिल रहा है कि उत्तराखण्ड के नगरों में जनसांख्यिकी का अनुपालन बदलने की कवायद चल रही है जिसके कारण प्रदेश में कानून व्यवस्था भी कहीं न कहीं प्रभावित हो रही थी। इसी मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए एकम सनातन भारत दल कार्यकर्ता सड़क पर उतर पड़े तथा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन कर सरकार से इन घटनाओं को उच्चस्तरीय जांच की मांग की। एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर आर के महाजन ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों यथा देहरादून, हरिद्वार,उधम सिंह नगर, नैनीताल तथा पिथौरागढ़ में अवैध रूप से प्रदेश से बाहर के लोग बड़ी संख्या में आकर बस रहे है, जिससे प्रदेश का देव भूमि का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। डा. महाजन ने सरकार से जनसांख्यिकी बदलाव की अविलंब उच्चस्तरीय जांच, अवैध घुसपैठियो को प्रदेश से बाहर करने, दोषी अधिकारियों की संलिप्तता पाये जाने पर कड़ी सजा दिये जाने एवं भविष्य में इन घटनाओं की पुनरावृति न हो का प्रावधान किये जाने की पुरजोर मांग की।डा.महाजन ने कहा कि कार्य वाही न होने व पूरे प्रदेश में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर डा.आरके महाजन,शंकर शर्मा, हरचरण सिंह, गोपाल कश्यप, राजकुमार नैय्यर, अमित ढींगड़ा, संदीप सिंह,नेमपाल दिवाकर ,अभय दिवाकर, मुकेश फौगाट,पंडित सुमित शर्मा,अंकुर कुमार,सागर,कुंवर सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद्य पदार्थों की करें नियमित चेकिंग: डीएम




रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सभी लोगों को स्वच्छ व आहार प्राप्त हो इसके लिये खाद्य पदार्थो की नियमित चैकिंग कर सैम्पलिंग की जाये। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित भोजन एवं स्वस्थ आहार की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक लेते हुये कही। जिलाधिकारी ने दुग्ध पदार्थो के साथ ही तेल एवं घी के नियमित चैंकिंग व सैम्पलिंग करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये। उन्होने कहा कि दुध , पनीर, खोया की अभियान चलाकर सैम्पलिंग की जाये तथा मिलावटी दुग्ध सामाग्री पर पूर्ण अंकुश लगाया जाये। उन्होने अपर जिलाधिकारी को भी जनपद के नाको व खत्तो में भी छापेमारी कराने के निर्देश दिये ताकि बाहर से जनपद में आ रहे मिलावटी दुग्ध पदार्थो पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जा सकें। उन्होने कहा कि होली का त्योहार भी नजदीक है इस लिये अभियान चलाकर छापेमारी की जाये, अधोमानक व असुरक्षित पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही भी की जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि फोटिफाइड फूड के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाये साथ ही अधिक से अधिक दुकानो, रेस्टोरेंट, होटल के पंजीयन कराये जाये तथा पंजीयन हेतु शिविरों का आयोज भी किया जाये। उन्होने अपर जिलाधिकारी को खाद्य सुरक्षा कार्यालय हेतु भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिये।खाद्य सुरक्षा अभिहित अधिकारी डॉ0 प्रकाश फुलारा व खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से जानकारियां दी। उन्होने बताया कि 134 नये रेस्टोरेंट एवं दुकानो का पंजीकरण किया गया है व 65 नये फूड लाईसेंस जारी किये गये है। उन्होने बताया कि रूद्रपुर में स्ट्रीट फूड वैंडिगं जोन नगर निगम के सामने बनाया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, डीपीओ व्योमा जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या, अपर्णा शाह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, पूर्ति निरीक्षक तारा सिंह, हेमा बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट रामनगर में स्थानांतरित करने की मांग



रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय को रामनगर क्षेत्र के आम पोखरा/छोई रेशम बाग में स्थानान्तरित किये जाने के संबंध में उप जिलाधिकारी राहुल शाह के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा तथा आग्रह किया कि आमपोखरा/छोई रेशम बाग में उत्तराखंड उच्च न्यायालय को स्थापित किए जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में राजस्व की भूमि है जो कुमाऊं और गढ़वाल तथा व्यवसायिक केंद्र होने के कारण यहां पर आवागमन हेतु रेलगाड़िया व सरकारी बसों तथा अन्य माध्यम से सुविधा हर समय उपलब्ध हैं तथा रामनगर में कॉर्बेट नेशनल पार्क होने के कारण भी रामनगर क्षेत्र में अच्छी चौड़ी सड़के व जनसंख्या का घनत्व भी कम है जिससे हर तरह की सुविधा वादकारियों के लिए सुगम सरल व सुविधाजनक है। राम नगर के अधिवक्ताओं ने रामनगर क्षेत्र में उत्तरा खण्ड उच्च न्यायालय को लाने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालो में रामनगर बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी जगदीश मासीवाल, गणेश कुमार गगन, ललित मोहन , ललित मोहन जोशी, सुरेश चंद्र नैनवाल, अरुण रौतेला, प्रदीप अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, विक्रम सिंह मवाड़ी, विनोद अनजान, कल्पना जुयाल आदि समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कबाड़ी की दुकान पर मिले सरकारी कलेंडर

खटीमा(उद संवाददाता)।क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं नरेंद्र मोदी के नववर्ष के कैलेंडर कबाड़ी द्वारा बेचे जाने की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोदाम में छपा मारकर कैलेंडर बरामद किए। जानकारी के मुताबिक लगभग 7000 कैलेंडर स्थानीय कबाड़ी द्वारा जो नव वर्ष पर जनता के बीच वितरित करने के लिए आए थे कबाड़ में बेचे जाने की आशंका से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर सभी कैलेंडर बरामद किये। नगर महामंत्री मनोज बाजपेई ने बताया कि व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिली की नव वर्ष के कैलेंडर कबाड़ी द्वारा बेचे जा रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, किशन सिंह किन्ना, भुवन जोशी, अचल शर्मा, संतोष अग्रवाल, राजु कुरैशी, राहुल सक्सेना, सनी रस्तोगी, रविंदर राणा, कामिल खान, ताहिर मलिक, राहुल सक्सेना, जावेद रिजवी, लक्ष्मण भाटिया, रंजीत सिंह, संतोष चंद उपस्थित थे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मौसम में असंतुलन

पिछले कुछ दशकों से मौसम चक्र में हो रहे परिवर्तन से पर्यावरण काफी प्रभावित हो रहा है। वहीं इसका प्राणियों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रकृति के चक्र के मुताबिक गर्मी, ठंड या बरसात का समयानुसार आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और यह समूची धरती के जीवन का स्रोत है। मगर जब यही अनियमित मौसम धरती पर जानमाल के लिए खतरा साबित होने लगे तो यह गंभीर चिंता बन जाता है। यूं तों पिछले कुछ दशकों से लगातार जलवायु में बढ़ते तापमान और मौसम में असंतुलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सम्मेलनों में विस्तृत चर्चा की जाती रही है। इसका कोई हल निकालने के लिए जरूरी उपाय करने की बातें होती हैं। मगर हर अगले वर्ष मौसम का मिजाज बिगड़ता जा रहा है। जो मौसम जीवन देते रहे हैं, वे अब व्यापक तबाही और लोगों की मौत की वजह क्यों बन रहे हैं। गौरतलब है कि विज्ञान एवं पर्यापरण केंद्र की ओर से जारी 'स्टेट आफ एनवायरनमेंट 2024' रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष बेहद खराब मौसम की वजह से 3,287 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, एक लाख चौबीस हजार पशुओं की मौत हो गई और बाईस लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे की फसल को नुकसान हुआ। मौसम के बिगड़े मिजाज का सबसे ज्यादा शिकार हिमाचल प्रदेश रहा, जहां एक वर्ष में करीब डेढ़ सौ दिन संकट कायम रहा। इसके बाद मध्यप्रदेश में एक सौ इकतालीस और केरल व उत्तर प्रदेश में एक सौ उन्नीस दिन लोगों को मौसम की मार का सामना करना पड़ा। यों दुनिया भर में पर्यावरण में हो रहे उथल-पुथल की वजहें तलाशने की कोशिशें चल रही हैं, मगर इसके समांतर हाल के वर्षों में कभी बेतहाशा गर्मी, तो कभी कड़ाके की ठंड की मार या फिर बेलगाम बरसात, व्यापक भूस्खलन आदि से जानमाल के नुकसान का दायरा फैलने लगा है! जलवायु में इस कदर होने वाले बदलाव की वजहें क्या हैं और उन पर किस हद तक लगाम लगाई जा सकती है? यह भी विचित्र है कि तकनीक और संसाधनों के विस्तार के दौर में भी लोग अपनी जान बचाने में कामयाब नहीं हो पा रहे। आज बरसात के दिनों में बिजली गिरने से जितनी मौतें होने लगी हैं, वे हैरान करती हैं। इस वर्ष भी अब समय से पहले ही तापमान में तेज बढ़ोतरी और उसके खतरों को लेकर जो आशंकाएं जाहिर की जा रही हैं, उसके मद्देनजर अब भविष्य में मौसम के मुताबिक बचाव के पूर्व इंतजाम के लिए ठोस पहल की जरूरत है। यदि हम इस पर गहन मंथन करें तो प्रकृति के अनियमित होते मौसम के पीछे किसी न किसी रूप में मानव ही दोषी नजर आयेगा। क्योंकि अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए मनुष्य जिस प्रकार से पर्यावरण को निरंतर नुकसान पहुचा रहा है उसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ना स्वाभाविक है। इसलिए सम्पूर्ण विश्व को इसके प्रति सचेत होने की आवश्यकता है। यदि समय रहते पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना बंद नहीं किया तो भविष्य में प्रकृति अपना ऐसा रौद्र रूप दिखा सकती है जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

# विधानसभा में 'बैकडोर' से हुई भर्ती पर 'माननीयों' से हो सकती है 'रिकवरी'

### उत्तराखंड में बहुचर्चित बैकडोर भर्ती मामले में सभी विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्रियों पर भी सरकार ने चुप्पी साधी,हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 20 जून को होगी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में बहुचर्चित विधानसभा बैकडोर भर्ती मामले में अभिनव थापर ने जनहित याचिका दायर की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने सुनवाई की है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि क्या माननीय गुनहगारों से रिकवरी हो सकती है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 जून 2024 को होगी। उत्तराखंड में विधानसभा बैकडोर भर्ती में भ्रष्टाचार व अनियमितता के विषय में देहरादून निवासी कांग्रेस नेता व सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव थापर की जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जिसपर हाईकोर्ट नैनीताल में सुनवाई हुई है। इस विषय पर विधानसभा ने एक जांच समीति बनाकर 2016 से भर्तियों को निरस्त कर दिया। लेकिन ये घोटाला राज्य 2000 में राज्य बनने से लेकर आज तक चल रहा था जिस पर सरकार ने अनदेखी की है। विधानसभा बैकडोर भर्ती में अब तक अपने करीबियों को भ्रष्टाचार से नौकरी लगाने में शामिल सभी विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्रियों पर भी सरकार ने चुप्पी साधी हुई है। विधानसभा भर्ती में भ्रष्टाचार से नौकरियों को लगाने वाले ताकतवर लोगों पर हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में जांच कराने हेतु व लूट मचाने वालों से सरकारी धन की रिकवरी के लिए अभिनव थापर ने माननीय हाईकोर्ट नैनीताल में जनहित याचिका दायर की। इस याचिका का



हाईकोर्ट ने गंभीरता से संज्ञान लिया और सात जुलाई 2023 को हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता व विधानसभा दोनों पक्षों को आदेश दिए थे की जो भी "माननीय" इसमें दोषी हैं वो इस विषय में उत्तराखंड विधानसभा बैकडोर भर्ती घोटाले से संबंधित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। याचिकाकर्ता अभिनव थापर ने माननीय हाईकोर्ट के समक्ष मुख्य बिंदु में सरकार के छह फरवरी के 2003 शासनादेश जिसमें तदर्थ नियुक्ति पर रोक, सरकारी धन के दुरुपयोग की वसूली, संविधान की आर्टिकल 14, 16 व 187 का उल्लंघन जिसमें हर नागरिक को नौकरियों के समान अधिकार व नियमानुसार भर्ती का प्रावधान है, उत्तर प्रदेश विधानसभा की 1974 व उत्तराखंड विधानसभा की 2011 नियमवलयों का उल्लंघन किया गया है। याचिकाकर्ता अभिनव थापर ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों के क्रम में सभी तथ्यों सहित रिपोर्ट माननीय हाईकोर्ट के कार्यवाही हेतु दाखिल कर दी गई है। क्योंकि हम प्रदेश के 12 लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं को उनका हक दिलवाने की लड़ाई लड़ रहे है। याचिकाकर्ता अभिनव थापर न बताया कि याचिका में हमारी मांग को मान लिया गया है कि राज्य निर्माण के वर्ष 2000 से 2022 तक विधानसभा में बैकडोर में भ्रष्टाचार से नियुक्तियों की गई है। हमारी मांग है कि गलत प्रक्रिया से नौकरी देने वाले अफसरों, विधानसभा अध्यक्षों व मुख्यमंत्रियों भ्रष्टाचारियों से सरकारी धन के लूट को वसूला जाए। युवाओं की नौकरियों की लूट करवाने वाले "माननीयों" के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हो। सरकार ने पक्षपातपूर्ण कार्य कर अपने करीबियों को नियमों को दरकिनार करते हुए नौकरियां दी हैं। जिससे प्रदेश के लाखों बेरोजगार व शिक्षित युवाओं के साथ धोखा किया गया है और ये सरकारों द्वारा जघन्य किस्म का भ्रष्टाचार है। जनहित याचिका के हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने बताया कि हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा युक्त पीठ ने इस याचिका के विधानसभा बैकडोर नियुक्तियों में हुई अनियमितता व भ्रष्टाचार विषय पर विधानसभा और याचिकाकर्ता को तथ्यों और रिकॉर्ड से भर्तियों में हुए भ्रष्टाचार पर सहमत हुए। उन्होंने माना कि विधानसभा भर्तीयों में बड़ा घोटाला हुआ है। माननीय हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लेते हुए विधानसभा स्पीकर को छह फरवरी के 2023 शासनादेश के अनुरूप कार्यवाही के लिए निर्देश दिए हैं। जिसमें "माननीयों से रिकवरी" के साथ ही अन्य प्रावधानों का स्पष्ट उल्लेख है। इस मामले की अगली सुनवाई 20 जून 2024 को होगी।

# विधानसभा, सचिवालय सहित सभी सरकारी संस्थानों में परोसे मिलेटस के व्यंजन : रतूड़ी

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंडुआ, झंगोरा व चौलाई का उत्पादन बढ़ाने तथा Supply Chain को बेहतर करने के सम्बन्ध में आज विधानसभा भवन में House of Himalayas तथा Millet Mission की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। मुख्य सचिव ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रदेश में अनुपयोगी घाटियों एवं जमीनों को चिहिन्त कर उनमें मंडुआ, झंगोरा एवं चौलाई के बड़े स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। मुख्य सचिव ने झंगोरा तथा चौलाई की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सम्बन्ध में प्रस्ताव बनाने के लिए (लागत मूल्य) का अध्ययन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने विधानसभा, सचिवालय, सहित जीएमवीएन व केएमवीएन आदि सभी सरकारी भवनों एवं संस्थानों में परोसे जाने वाले खाद्य उत्पादों में मिलेट्स मंडुआ, झंगोरा आदि का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।



सीएस ने महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग को महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य विकास हेतु मंडुआ, झंगोरा, चौलाई जैसे स्थानीय मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एएनएम, आशा वर्कर्स तथा आंगनबाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती राधिका झा, श्री वी बी आर सी पुरूषोत्तम, श्री विनोद कुमार सुमन, श्री चन्द्रेश कुमार, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, अपर सचिव श्री मनुज गोयल तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# चरस के साथ रुद्रपुर के दो युवक गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे।वही कोतवाली पुलिस को अवैध चरस की तश्करी करने वाले दो आरोपियों को अवैध चरस के साथ पकड़ने में सफलता मिली है। कोतवाल कैलाश नेगी अपनी टीम के साथ कपकोट मोटर मार्ग में गश्त पर थे।तभी वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। वही अचानक पुलिस को आरे बायपास के समीप से दो युवक मोटर साइकिल



में आते नजर आए। पुलिस टीम ने उनसे आवश्यक जानकारी मांगी तो वे सकपका गए।और जांच के दौरान घबराने लगे। कोतवाल कैलाश नेगी ने उनसे पूछताछ की और बाइक की जांच की तो उनके पास 430 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने अवैध चरस को जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। पकड़े गए आरोपियों में केशव लाल निवासीशिव नगर ट्रांजिट कैम्प और लक्षित गोगना निवासी रुद्रपुर मार्केट को गिरफ्तार किया गया।वही आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाल नेगी सहित हेड कांस्टेबल तारा सिंह गड़िया,मनोहर सिंह, नरेंद्र गोस्वामी और चालक भुबन सिंह मौजूद थे।

# ग्रामीणों को दिलाई मतदान की शपथ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए जनपद अल्मोड़ा के वोटर टर्नआउट को बढ़ाने हेतु व्यापक रुप से मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय देहरादून द्वारा जारी दैनिक मतदाता जागरुकता रोस्टर के अतिरिक्त जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों तथा मुख्य विकास अधिकारी (नोडल अधिकारी स्वीप अल्मोड़ा) द्वारा जारी दैनिक मतदाता जागरुकता रोस्टर के अनुसार सभी विधानसभाओं में व्यापक रुप से मतदाता



जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अन्य मतदाताओं को स्वयं समेत अपने परिवारजनों को भी लोकतंत्र के पर्व में शामिल करने को लेकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मतदाताओं से अपील की गई कि बिना लोभ लालच के निष्पक्ष मतदान करें।

# फिल्म गढ़कुमों की शूटिंग जौलकांडे में

बागेश्वर(उद संवाददाता)।गढ़वाल मंडल में फिल्म गढ़कुमों की शूटिंग शूट करने के बाद फिल्म की टीम शूटिंग बागेश्वर की खूबसूरत वादियों में पहुंच चुकी है।,लेटी जौलकांडे गांव कुमाऊ की खूबसूरत वादियों का गांव है। मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुंदर वादियां और कुमाऊ की समृद्ध संस्कृति ने गढकुमों की पूरी टीम का स्थानीय जनप्रतिनिधियो और क्षेत्रवासियों ने दिल से स्वागत किया। यहां की स्थानीय परम्परा, धार्मिक विश्वास और पौराणिक इतिहास को पुन: प्रदर्शित करने



के लिए बनाई जा रही फिल्म को लेकर स्थानीय निवासी अत्यधिक उत्साहित है और हर संभव सहयोग कर रहे हैं। खुशी सिने वर्ल्ड के बैनर तले बन रही इस फिल्म में गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में रहने वाले लोगों की मीठी नोक झोक के साथ कुछ संवेदनशील मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित करेगी। यह फिल्म न केवल मनोरंजन हेतु बनाई जा रही है बल्कि इसमें एक भाईचारा प्रेम सौहार्द की भावना छुपी है। शूटिंग टीम का पूर्व प्रधान दरवान सिंह बिष्ट, गोविंद ध्याराकोटी, लेटी प्रधान दीपा देबी जौलकाण्डे प्रधान प्रिया उप्रेती लमीदत्त, मोहन सिह नवीन सिह,आदि द्वारा स्वागत किया गया।

# यूपी उत्तराखंड बॉर्डर पर चुनाव पूर्व बरती जायगी सख्ती: एसडीएम

सितारगंज(उद संवाददाता)।लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सीमावर्ती बॉर्डर क्षेत्र की चौकियों पर एसडीएम ने सघन चेकिंग अभियान के निर्देश दिए हैं, ताकि राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णता विराम लग सके। इसके संबंध में दोनों राज्यों के अधिकारियों की भी रुद्रपुर में संयुक्त मीटिंग हो चुकी है। इस मीटिंग में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए थे। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी मुश्तैदी से तैयारी में जुटा हुआ है। एसडीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को आयोजित अधिकारियों के साथ बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन में क्षेत्र के सीओ कोतवाल, सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें सीमावर्ती क्षेत्र सरकड़ा चीनी मिल, बरी आदि में चौकसी बढ़ा दी गई है। जिससे कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की असमाजिक, आपराधिक घटनाएं घटित न हो सके और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को संपन्न किया जा सके। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती पुलिस चौकियों पर निर्वाचन आयोग की टीम के साथ पुलिस को सधन चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# पिटाई से सहमी किशोरी ने बाथरूम लगाई फांसी

## कांग्रेस विधायकों ने काटा हंगामा,मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून। राजधानी देहरादून में विधायक हॉस्टल के पास किशोरी की लाश मिलने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पाकर एसएसपी अभय सिहं सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दौरान मौके पर पहुंचकर कांग्रेस के विधायकों ने भी जमकर हंगामा काटा। घटना गुरुवार दोपहर की है। संवाददाता के अनुसार नाबालिग किशोरी मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी। विधायक हॉस्टल के पास के ही एक फ्लैट में किशोरी एक फैमिली के घर पर काम करती थी। किशोरी की उम्र 12 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है नाबालिग ने बाथरूम में फांसी लगा ली, लेकिन परिजनों ने उसकी मौत के लिए मकान मालिक को जिम्मेदार ठहराया है। उधर नाबालिग की मौत की खबर सुनते ही सैकड़ों लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने पहले घटनास्थल और बाद में थाने जाकर हंगामा किया। सूचना पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ ही कांग्रेस के विधायक मौके पर पहुंचे और फिर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने राजधानी में कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। परिजनों की तहरीर के





बाद नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। फ्लैट में काम करने वाली नाबालिग की मौत के प्रकरण की शुरुआती जांच घर में लगे सीसीटीवी कैमरों से की गई। डीवीआर के अनुसार फ्लैट में घटित यह घटनाक्रम 52 मिनट के अंदर हुआ। पुलिस की मानें तो फुटेज में मृतका सुबह नौ बजकर 27 मिनट के आसपास स्टूल लेकर बाथरूम की ओर जाती दिखाई दी। इसके बाद लगभग 10 बजकर अभिषेक लूथरा सहित चार-पांच लोग उसको खोजते हुए बाथरूम की ओर जाते दिख रहे हैं। यह नाबालिग को बाथरूम से वापस लाकर प्राथमिक उपचार देने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस पड़ताल में सामने आया है कि इस प्रकरण के पीछे नाबालिग से हुई मारपीट अहम वजह हो सकती है। दरअसल, मृतक नाबालिग का दो दिन पहले आरोपी की बड़ी बेटी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद मृतक नाबालिग ने आरोपी के बेटी को थप्पड़ मार दिया था। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग की बेल्ट से पिटाई कर दी थी। इससे वह काफी सहमी हुई थी और काम पर नहीं जाना चाहती थी, लेकिन वह जबरन उसे काम पर ले जा रहे थे। परिजनों की मानें तो उनकी नाबालिग बेटी दो माह पूर्व से आरोपी के फ्लैट में काम कर रही थी। इससे पहले भी कई बार मालिकों की ओर से उसके साथ मारपीट की जाती थी। 27 फरवरी को आरोपी का परिवार कहीं पार्टी में जा रहा था। मृतका आरोपी की बड़ी बेटी को पार्टी के लिए तैयार करने में सहयोग कर रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों का झगड़ा हो गया। मृतका की छोटी बहन ने बताया कि दीदी ने बताया कि उसने उसके पेट में मुक्के मारे गए थे। इसके बाद उसने भी उसे थप्पड़ जड़ दिया था। बताया जा रहा है कि यह बात आरोपी अभिषेक लूथरा का नागवार गुजरी और उसने मृतका की बेल्ट से जमकर पिटाई कर दी थी। परिजनों के मुताबिक यह बात उसने अपनी सहेलियों को भी बताई थी। जिसके बाद वह अगले दिन भागकर घर आ गई। वह दोबारा वहां नहीं जाना चाहती थी। लेकिन बुधवार को आरोपी का ड्राइवर उसे जबरदस्ती साथ ले गया। परिजनों ने बताया कि वह उनके मारपीट से परेशान हो गई थी।। घटना के बात आरोपी अभिषेक लूथरा ने खुद फब्बारा चौक पहुंचकर मृतक के बारे में सूचना दी थी। उसने पुलिस को बताया कि उनके घर में काम करने वाली नाबालिग ने घर के बाथरूम में फांसी लगा दी है। इसे उन्होंने अपने घर में काम करने वाले अन्य लोगों की मदद से नीचे उतारकर उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और मृतका के परिजनों को सूचना दी थी। पुलिस ने तीन डॉक्टरों के पैनल से मृतका का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में मौत का कारण सुसाइडल हैंगिंग पाया गया है। इससे अलावा शरीर पर कोई बाहरी चोटों के निशान नहीं पाए गए हैं। परिजनों की ओर से जो दुष्कर्म का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि डाक्टरों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ राजा लूथरा, उसकी पत्नी तथा एक अन्य के खिलाफ बाल श्रम प्रतिशोध अधिनियम, हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सीओ ने किया पुलिस लाईन का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।सीओ विमल प्रसाद ने पुलिस लाइन अल्मोड़ा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया । सर्वप्रथम क्वार्टर गार्द में सलामी ग्रहण करते हुए गार्द निरीक्षण किया गया। इस दौरान शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार सभी आर्म्स एवं एम्युनेशन का निरीक्षण/मिलान करते हुए जवानों से शस्त्रों की हैंडलिंग खोलना- जोड़ना का अभ्यास कराया । इसके उपरांत पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं जी0डीगणना कार्यालय, परिवहन शाखा, स्टोर, कर्मचारियों के स्मार्ट बैरक, व्यायामशाला,भोजनालय,राशन शॉप, सीपीसी कैंटीन, महिला कल्याण केन्द्र, पुलिस लाईन परिसर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी शाखाओं' में साफ-सफाई सही पाई गई शाखाओं के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए पाई गई कमियों को शीघ्र दुरुस्त कर रिकॉर्ड को अध्यावधिक रखने तथा कार्य प्रणाली को सरल एवं बेहतर बनाने हेतु सभी कर्मचारियों को आवश्यक आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त सरकारी संपत्ति का सही ढंग से रख रखाव हेतु निर्देशित किया गयासमस्त शाखाओं के निरीक्षण के पश्चात पुलिस लाइन में उपलब्ध समस्त सरकारी वाहनों की कार्यशीलता एवं उनके मेंटेनेंस से संबंधित जानकारी एमटी इंचार्ज से प्राप्त कर वाहनों के उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में प्रशासनिक भवन, महिला बैरिक व टाइप प्ट आवासों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गयानिरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री विजय विक्रमसूबेदार भूपेश पुनेड़ा, लाइन मेजर अपर उनि नवीन पाठक, स्टोर प्रथम इंचार्ज अपर उनि दामोदर कापड़ी, एमटी इंचार्ज अपर उनि कुशल सिंह सहित पुलिस लाइन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए ठोस प्रयास करें थानाध्यक्ष : अक्षय कोंडे

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने सभी थानाध्यक्षों की बैठक ली तथा सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए नियमित चेकिंग करने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए भी ऐसे लोगों की गिरफ्तारी करें।आगामी लोकसभा चुनाव में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न करने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने निर्देश दिए कि पुलिस नशे में वाहन चलाने वालों, ओवर लोडिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे। साथ ही बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने, आगामी लोकसभा चुनाव में सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलों की सीमा में पर्याप्त सघन चेकिंग व्यवस्था,अराजक तत्वों पर नकेल कसने,गुंडा एक्ट में चयनित कर उन्हें शांति व्यवस्था के लिए परेड कराकर उचित करवाई करने,जिले में शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्र चुनावी समय मे जमा करवाने, लाइसेंस मिलान कर उचित व्यवस्था करने,सड़क दुर्घटनाओं



को रोकने, यातयात नियमों का पालन कराने,सायबर शिकायतों के निराकरण के लिए तत्काल उचित कार्रवाई कर सायबर क्राइम पर रोकथाम के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने,के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। कहा कि पुलिस जनता की मित्र है इसलिए सामान्य जनता से मित्रवत पेश आए। उन्होंने सत्यापन अभियान की समीक्षा करते हुए बाहर से आ रहे लोगों पर नजर रखने को कहा। उन्होंने लंबित मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी,कोतवाल कैलाश नेगी, कपकोट थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट, बैजनाथ प्रताप सिंह नगरकोटी,कांडा खुशवंत सिंह सहित विभिन्न थानों के प्रभारी सहित एसओजी प्रभारी प्रह्लाद सिंह, सायबर सेल,महिलासेल प्रभारी मीना रावत, एसएसआई खष्टी बिष्ट,, आदि मौजूद थे। एम्प्लॉय ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया।इस दौरान एसपी कोंडे ने कोतवाल कैलाश नेगी सहित महिला हेल्प लाइन प्रभारी मीना रावत सहित हेड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिह रावत, रंजीत सिह अधिकारी,आनन्द सिंह (पैरोकार)अम्बा दत्त पाण्डे,कोतवाली बागेश्वर,थाना कपकोट के महेन्द्र सिह पालनी, खुशाल राम। कपकोट (पैरोकार)होमगार्ड कोमल मलियाल,व हिमानी बिष्ट यातायात बागेश्वर कोएसपी कोंडे द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

## पेज एक का शेष...

**चाकुंओं से गोदकर..**अजय को साथ लेकर मौके पर पहुंचा। वहां दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। हमलावरों ने श्यामपुरम कालोनी से अपने कुछ दोस्तों को बुला लिया। हमलावरों ने आकाश और अजय को घेरकर उन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ प्रहार किए। आकाश की आंतें बाहर निकल आई। हमलावरों ने अजय को भी घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे सीपीयू कर्मियों ने एक हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया। चमन और उसके साथी घायलों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल अजय को हायर सेंटर रैफर किया गया है। मृतक के परिवार में मां मूर्ति देवी, पिता महेश कुमार, भाई चमन के अलावा चार बहनें पूनम, पूजा, गंगा व शिवानी है। मृतक की मां और बहनों का रो रोकर बुरा हाल हैं। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

**महिला कांग्रेस ने ...**भूमिका निभायेगी और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने के लिए जी जान से जुटेगी ।उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण गरीब आदमी दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहा है वहीं दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार जुमलेबाजी कर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा देश की जनता पहचान चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। इस दौरान महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर ने पार्टी हाई कमान को भरोसा दिलाते हुए कहा कि न्याय यात्रा के माध्यम से घर-घर जाकर महिलाओं को केंद्र सरकार की जन विरोधी विकास विरोधी नीतियों से अवगत कराया जाएगा । न्याय यात्रा में मुख्य रूप से विद्या यादव जिला मीडिया प्रभारी जानकी कोली, ब्लॉक अध्यक्ष सोनी राणा, प्रदेश सचिव पुष्प लता तिवारी, पूर्व सभासद कलावती देवी, हेमा नेगी,अंसारी बेगम, गीता, पूजा बिष्ट, सुधा जोशी, राम सूठा, कमला जोशी, पूर्व सभासद कलावती, सुखरानी, राजो देवी, गीता रानी, पूजा रानी, सावित्री देवी, चंदा देवी, उर्मिला देवी, नत्थो देवी, जगरूप सिंह गोल्डी आदि मौजूद रहे।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BITTU से बदलकर BITTU RAY S/o PREMPAL कर लिया है। अब भविष्य में मुझे BITTU RAY के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

बिट्टू राय पुत्र प्रेम पाल, ग्राम मोहनपुर नं. 1, पोस्ट खानपुर, तहसील रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

**मांगों को लेकर...**की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिछले काफी समय से आन्दोलित हैं। उन्होंने कहा 18 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को सेवानिवृत होने पर 2 लाख रुपए देने का प्रावधान रखा जाये जिससे वह अपनी बची जिन्दगी अच्छी तरह व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किया जाए जिससे वह भी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त सके। मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का उच्चीकरण करने के लिए शासनादेश शीघ्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा वह अपना आन्दोलन जारी रखेंगें। सभा को कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर, जिला महामंत्री रंजीता अरोरा निशा, रेहाना , मुनीजा, तबस्सुम, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला, रचना, शिवानी, माधुरी, हीरा बोस, नीरू, हंसा लोहनी, उर्मिला मिश्रा, हंसा लोहनी, आरती कुंवर, शर्मिला, आशा, बबली विश्वास, सीमा पाल, हिना, आशा सरकार, सुषमा, बसंती, बबिता मंडल, कमलजीत कौर, सरोज, मीनाक्षी, नूरजहां, दयावती, अंचलेश, लक्ष्मी, सुमन, कंचन चौहान, खुशबू कन्नौजिया, सुषमा सैनी, सुनीता, रेखा, रेनू, सीमा, विमला, शांति, इशरत जहां, सरोज, हेमलता, उर्मिला पाल, गीता, सुरेखा, शिव कुमारी, कमला, जावित्री, रीता, सविता, शिल्पी, रूकमणी, नीरू रंगीला, मीरा बोस, सीता रानी, नेहा कालड़ा,सुरेश देवी, सरिता बोरा, प्रेमलता, पुष्पा शुक्ला, कमलेश पटवाल, प्रतिभा, कुसुम यादव, सुमन, ज्योति, रियाज बानो, मंजीत सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद थीं।

**होटल ढाबों पर ...**बानगी है। रामनगर से आई एक महिला भी चैती चौराहे के आसपास पिछले कुछ दिनों से मांसाहारी खाद्यान्न का एक होटल संचालित कर रही है। जानकार बताते हैं कि होटल में उक्त महिला द्वारा शराब पिलाने के अलावा तस्करी की शराब बेची जाने की भी सूचना है।

## विराट धर्म सम्मेलन आठ मार्च को

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हरेश्वर महादेव मंदिर, श्री हरि कृपा धाम आश्रम, गढ़ीनेगी में विश्व कल्याणार्थ , राष्ट्र की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर आगामी 8 मार्च को श्री हरी कृपा आश्रम कामां राजस्थान के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज की अध्यक्षता में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए हरि भक्तों ने बताया कि 8 मार्च को प्रात: 8 बजे से श्री हरेश्वर महादेव का महा जलाभिषेक किया जायेगा। तत्पश्चात प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन एवं महाराज श्री के दिव्य प्रवचन होंगे। दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ किया जायेगा। श्री महाराज 5 से 8 मार्च तक श्री हरि कृपा धाम आश्रम, गढ़ीनेगी में ही विराजेंगे। हरि भक्तों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सपरिवार व इष्ट मित्रों सहित कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## पुलिस ने चाकू समेत युवक को दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम मंडी क्षेत्र में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोनिवि गोदाम के पास संदिग्ध हालत में खड़ा युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम पता सुलेमान पुत्र चमन खां निवासी इंदिरा नगर बड़ी रोड, बनभूलपुरा बताया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने निर्माणाधीन वेडिंग जोन का किया निरीक्षण

## उजाड़े गये व्यापारियों को दुकानें आवंटित के लिए होंगे हर सम्भव प्रयास: विकास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ नगर निगम के सामने निर्माणाधीन वेंडिग जोन का निरीक्षण किया। इस दौरान भूखण्ड पर वेडिंग जोन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें शहर के सैकड़ों ठेली फड़ व्यवसायियों को बसाया जायेगा। इससे न सिर्फ लोगों को जाम से निजात दिलेगी बल्कि ठेली फड़ उजाड़े गये दुकानदारों को भी पुनर्वासित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं इसके लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधायक शिव अरोरा से निवेदन किया जा चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि उजड़े व्यापारियों पुनर्वासित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, व्यापार मण्डल कोषाध्यक्ष संदीप राव,बिट्टू शर्मा,इन्द्रजीत सिंह, सुरेन्द्र गंगवार,





विकास शर्मा ने अधिकारियों से वेंडिंग जोन के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने और जाम से निजात दिलाने के लिए नगर निगम के सामने स्थित खाली पड़े व्यवसायियों को आये दिन होने वाले उत्पीड़न से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि वेडिंग जोन में ठेली फड़ व्यवसायियों को बसाने के बाद भी काफी जगह बच रही है, जिसके चलते यहां पर राम मनोहर लोहिया मार्केट से पूर्व में भी मुख्यमंत्री से वार्ता की थी जिसमें उन्होंने व्यापारियों के प्रति सहानुभूति दिखाई थी,अब वेंडिंग जोन में व्यापारियों को पुनर्वासित करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन भी राजीव जोशी, नवीन सिंह, इन्द्रजीत सिंह रिंकू, अमरजीत सिंह, प्रिंस बंसल, सुशील बठला, हर्ष रावल, सोनू खुग्गर, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह,इसरार मियां,इकराम मियां,हरजीत सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

# कांवर यात्रा के लिए शिवभक्त रवाना

रामनगर (उद संवाददाता)महाशिवरात्रि पर्व पर आगामी 8 मार्च को पूरे उल्लास के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रामनगर में स्थित माता बाल सुंदरी देवी मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है तथा हरिद्वार से पवित्र जल लेकर पहुंचे भोले के भक्त गूलर सिद्ध बाबा के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी शिवालयो में जलाभिषेक करने के बाद अपने



घरों को रवाना होते हैं। शुक्रवार को रामनगर से भी भारी संख्या में शिव भक्त हरिद्वार के लिए रवाना हुए। सभी शिव भक्त हरिद्वार से कावड़ में पवित्र गंगा जल भरकर 7 मार्च को रामनगर पहुंचेंगे। जहां उनका जगह-जगह पर भव्य स्वागत भी कर जाएगा। 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर सभी शिव भक्त शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद जलाभिषेक करने के उपरांत अपने घरों को रवाना होंगे। शिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# लीप ईयर में जन्मे 5 बच्चों का चार वर्ष में एक बार आएगा बर्थडे

## 4 साल में एक बार 29 फरवरी वर्ष 366 दिन करता है पूर्ण

सितारगंज(उद संवाददाता)। 29 फरवरी वाला 2024 का वर्ष 365 दिन के बजाय 366 दिन वाला होगा। 4 वर्ष में एक बार 29 फरवरी का महीना आता है। जिस वजह से इस दिन जन्मे बच्चों का बर्थडे भी 4 वर्ष में एक बार चौगुनी खुशी के साथ मनाया जाता है। सरकारी अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी को अस्पताल में पांच शिशुओं ने जन्म लिया। चिकित्सकों के अनुसार शिशुओं के परिवार जनों में चौगानी खुशी देखी गई। उप जिला चिकित्सालय में लीप ईयर यानी 29 फरवरी को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अभिलाष पांडे ने पांच महिलाओं की डिलीवरी कराई। पांच शिशुओं ने अस्पताल में जन्म लिया। इन शिशुओं के परिवार जनों में भी 29 फरवरी को पैदा हुए बच्चों के जन्मदिन को लेकर खासा महत्व देखा गया। ऐसा इसलिए की 4 साल में एक बार फरवरी का महीना 29 दिन का होता है। इस दिन पैदा हुए बच्चों का बर्थडे 4 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार मनाया जाता है। इसलिए बच्चों के परिजनों में खास उत्साह का माहौल देखा गया। बताया जाता है कि 29 फरवरी को जन्मे बच्चे जिंदगी की पिच पर एक-एक रन नहीं लेते बल्कि सीधा चोक्का ही लगते हैं। जिस वजह से खुशी भी चार गुना ही होगी। उप जिला चिकित्सालय की प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर अभिलाष पांडे ने बताया कि 29 फरवरी को अस्पताल में पांच शिशुओं ने जन्म लिया है।

# नैनी सैनी एयरपोर्ट से 42 सीटर विमान के संचालन को मंजूरी

देहरादून। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 42 सीटर विमान के संचालन को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 42 सीटर विमान के संचालन से सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एयर कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से निरंतर रूप से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई सेवाएं सुदृढ़ हो रही है। इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी।

# रोषित जेष्ठा कालोनी वासियों ने दी अनशन की चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) गंगापुर मार्ग स्थित जेष्ठा कालोनी के निवासियों ने पिछले कई महीनों से अपनी विभिन्न न्यायोचित मांगों का समाधान न किए जाने से रोषित होकर अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि कालोनी की विद्युत, पेयजल, पार्किंग सहित अन्य कई समस्याओं को लेकर पिछले कई माह से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन उनकी सार्थक सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्युत समस्या के समाधान के लिए कई राजनेताओं सहित विभाग के कई अधिकारियों से मुलाकात कर कई बार आग्रह कर चुके हैं। परंतु उन्हें अभी तक सभी से आश्वासन के सिवाय और कुछ हासिल नहीं हुआ है। सभी समस्याएं आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। उन्होंने रोषित भरे शब्दों में कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वह अनशन शुरू करने को बाध्य होंगे। इस दौरान कुलदीप शर्मा, नंदन रावत, एसपी सिंह, सुभाष गोयल, आरके सिंह, गिरीश कबडाल, रामगोपाल सिंह, आरडी यादव, योगेश गुप्ता, केके चौधरी, शक्ति सावंत, कृष्ण गोपाल व कलावती जोशी आदि मौजूद रहे।

# रूद्रपुर से खाटू धाम तक भव्य निशान यात्रा 5 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर से पहली बार खाटू श्याम तक पैदल निशान यात्रा आगामी पांच मार्च को रवाना होगी। भव्य निशान यात्रा को सफल बनाने के लिए श्याम प्रेमी जोर शोर से तैयारियों में जुटे हैं। जानकारी देते हुए श्याम प्रेमी राकेश शर्मा ने बताया कि गल्ला मण्डी स्थित श्याम मंदिर से आगामी पांच मार्च को भव्य निशान यात्रा खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 15 दिवसीय यह यात्रा 20 मार्च को खाटू धाम पहुंचेगी और 21 मार्च को श्याम बाबा को निशान अर्पित किया जायेगा। यात्रा के दौरान रोजाना बाबा का भव्य श्रृंगार किया जायेगा और यात्रा जहां जहां पर रात्रि विश्राम करेगी वहां पर श्याम बाबा का कीर्तन होगा। उन्होंने श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने का आहवान किया है।

# पर्वतीय महिलाओं की होली 17 मार्च को

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति की वार्षिक बैठक पंत मार्केट में सम्पन्न हुई। जिसमें पिछले वर्ष के आय ब्यय पर विचार कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में विगत उत्तरायणी पर्व के आय व्यय की समीक्षा की गई। तय किया गया कि 17मार्च के दिन पर्वतीय महिलाओं की होली समिति भवन में दोपहर 2 बजे से होगी और सायं 4.30 बजे से पुरुष वर्ग का होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा विधायक निधि से समिति भवन के प्रथम तल का अवशेषभाग निर्माण करवाए जाने और निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कोली द्वारा समिति भवन में टाइल्स लगवाने और गांधी चबूतरे के मंच का पुनरुद्धार करने पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर आभार व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश पंत ने की।बैठक मै मुख्य रूप से कैलाश पाठक, कैलाश काण्डपाल, भुवन जोशी, ललित पंत, लीलाधर जोशी, केवलानंद सुनारी, महेश शर्मा, दिनेश लोहनी,पूरन लाल वर्मा,बसंत बल्लभ जोशी, दामोदर जोशी,जानकी तिवारी, सरोज पंत,मीरा तिवारी, पुष्पा लोहनी, बसंती पाठक आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# मारपीट के आरोपी पति के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आये दिन अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में सायना पुत्री रईस अहमद निवासी प्रीत विहार कालोनी फाजलपुर महरौला का आरोप है कि उसका पति हानिब उर्फ शाहीद पुत्र हानिब उर्फ मीदू आये दिन उसके साथ गाली गलौच व मारपीट एंव तरह- तरह से अत्याचार करता था। खर्च के लिए कोई पैसा नही देता था। उसके 4 बच्चों को भी नही देखता है। वह मजदूरी कर जो पैसे कमाती है उससे छीन लेता है। उसे जान से मारने की धमकी देता था कई बार उस पर जान लेवा हमला भी कर चुका है। 19 फरवरी को सुबह पति ने उसे जान से मारने की नियत से गला दबाकर एंव चाकू से मुहँ पर हमला कर दिया। जिससे उसकी आँख पर खुली चोटे आयी है। बच्चो द्वारा हल्ला करने व उसके बेहोश होने के बाद पति उसे अधमरा छोड़कर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

